साइकिल से कार्यालय पहुंचे अधिकारी/कर्मचारी, हर शुक्रवार को करेंगे साइकिल की सवारी

भिलाईनगर/ विश्व साइकिल दिवस पर माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन श्री भूपेश बघेल ने साइकिल का अधिकाधिक उपयोग करने का आह्वान किया था । महापौर एवं विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर साइकिल यात्रा करते हुए प्रदूषण मुक्त शहर का संदेश देते हुए मानव सेवा परिसर पहुंचे थे! इसी प्रकार आयुक्त एस 0के0 सुंदरानी 3 जून विश्व सायकल दिवस के अवसर पर अपने निवास स्थान से निगम मुख्य कार्यालय सायकल चलाकर पहुंचे थे एवं सायकल चलाने से होने वाले लाभ जैसे- शारीरिक रुप से स्वस्थ्य रहना , मानसिक तंदरुस्ती लाना, प्रदुषण मुक्त शहर की दिशा में कदम , ट्राफिक के दबाव से बचाव आदि के बारे में बताया था जिससे प्रेरित होकर निगम के अधिकारी/कर्मचारियों ने हर शुक्रवार को साइकिल की सवारी करते हुए कार्यालय आने का फैसला लिया था। आयुक्त सुंदरानी प्रतिदिन साइकिल पर अपने निजी कार्यों के लिए निकल पड़ते हैं, चाहे सुबह हो या भरी दोपहरी । बढ़ते प्रदूषण एवं तापमान में बढ़ोतरी से इंकार नहीं किया जा सकता जैसे-जैसे जनसंख्या में वृद्धि हो रही है वैसे वैसे तापमान भी अपना कहर बरपा रही है, अब प्रदूषण मुक्त शहर की दिशा में आगे बढ़ते हुए साइकल को अपनाया जा रहा है जो कि स्वास्थ्य कारणों से भी लाभदायक है। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर आयुक्त महोदय ने कहा था कि हम सभी को एक दिन नियत कर सायकल से आने का निर्णय लेना चाहिए। जिस पर उपस्थित सभी की सहमति से शुक्रवार का दिन नियत किया , जिसके चलते अब अधिकारी/कर्मचारी निगम दफ्तर में साइकिल से आने लगे हैं। उपायुक्त द्विवेदी ने बताया कि इसके लिए टोकन सिस्टम भी जारी किया जाएगा जिससे साइकिल के गुम होने की संभावना कम हो जाएगी जब भी साइकिल से बाहर जाएंगे तो टोकन को जमा करके जाएंगे। उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं टीपी लहरे सहित पी.आर.ओ. पीसी सार्वा, मूर्ति शर्मा, कार्यपालन अभियंता आरके साहू ,प्र.स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, प्रियंका राव, संजय शर्मा, अजय शुक्ला एवं निगम के विभिन्न कर्मचारी आज साइकिल चलाते हुए निगम कार्यालय पहुंचे।

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है **जल ही जीवन है**